दैनिक भास्कर

बक्सर 14-03-2026

बकायेदारों पर कार्रवाई • बिल जमा नहीं करनेवाले उपभोक्ताओं की बनाई गई सूची, होगी कार्रवाई

10 हजार बकाया है तो कटेगा कनेक्शन

भास्कर न्यूज | डुमरांव

बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर सख्ती बरती जा रही है। मार्च क्लोजिंग को ध्यान में रखते हुए कम्पनी ने बिल जमा नहीं करनेवाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। कोरानसराय प्राशाखा क्षेत्र में 10 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार की गई है। उनके कनेक्शन काटे जाएंगे। कोरानसराय प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता अर्जुन वर्मा ने बताया कि विभिन्न सेक्शनों में ऐसे करीब 300 उपभोक्ताओं की पहचान की गई है जिनका बिजली बिल 10 हजार रुपये से अधिक बकाया है।

इन उपभोक्ताओं के खिलाफ विभागीय निर्देश के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। नया भोजपुर के कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार, चौगाई के कनीय अभियंता शैलेश कुमार समेत अन्य अभियंताओं के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में बकायेदार उपभोक्ताओं के घरों पर छापेमारी अभियान चला रही हैं। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं किया गया है, उनके घरों का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि मार्च महीना विभाग के लिए राजस्व वसूली का महत्वपूर्ण समय होता है। इसे देखते हुए मुख्यालय से निर्देश है कि उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। इसके तहत लगातार अभियान चलाकर बकायेदारों को चिह्नित किया जा रहा है।

एकबार बिल जमा करने में दिक्कत हो तो किस्त की भी है सुविधा



डुमरांव में बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे बिजली कंपनी के कर्मी।

अवैध कनेक्शन पर दर्ज होगी प्राथमिकी

बिजली कंपनी के इस अभियान से क्षेत्र के बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप है। कई उपभोक्ता कार्यालय पहुंचकर अपने बकाया बिल की जानकारी ले रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि उपभोक्ता समय रहते अपना बिल जमा कर देते हैं तो कनेक्शन काटने की कार्रवाई से बचा जा सकता है। सूचना के बाद भी अगर बकायेदार समय से अपना बिल जमा नहीं करते हैं और कनेक्शन काटने के बाद भी घरों या किसी संस्थान में बिजली का उपयोग होता पाया गया तो विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की जा सकती है।

लोगों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा

एईई ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार ने हाल ही में 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की योजना लागू की है। इस योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को राहत मिली है। लेकिन यह रियायत केवल नई व्यवस्था लागू होने के बाद की खपत पर लागू होती है। उन्होंने कहा कि कई उपभोक्ताओं पर योजना लागू होने से पहले का बिजली बिल बकाया है। ऐसे मामलों में पुराना बकाया जमा करना अनिवार्य है। विभाग उसी बकाया राशि को लेकर कार्रवाई कर रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अभियान जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की गई है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बिजली विभाग को राजस्व का नुकसान, जल्द बिजली बिल जमा करने की अपील

कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि कई उपभोक्ता बिजली का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन समय पर बिल का भुगतान नहीं करते। इससे विभाग को राजस्व का नुकसान होता है। बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। अब विभाग ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है। हालांकि कंपनी ने उपभोक्ताओं को राहत भी दी है। एईई ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के पास एकमुश्त पूरी राशि जमा करने में परेशानी है, वे किस्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। उपभोक्ता चाहे तो आधा-आधा कर भी अपने बकाया बिल का भुगतान कर सकते हैं। विभाग का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं से बकाया वसूली करना है, ताकि राजस्व की स्थिति सुधारी जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि जिन लोगों का बिजली बिल बकाया है, वे जल्द से जल्द जमा कर दें।

अफवाहों पर न दें ध्यान, गैस की नहीं है किल्लत

भास्कर न्यूज | राजपुर

गैस की कमी की अफवाहों के बीच शुक्रवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार ने इंद्रमणि गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। इस दौरान एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ देखी गई। उन्होंने उपभोक्ताओं से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और धैर्य बनाए रखने की अपील की। अधिकारी ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को अबतक गैस नहीं मिली है, वे अपना टोकन या नंबर लगाकर पर्ची जमा कर दें। नंबर के अनुसार उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा निर्धारित उचित मूल्य पर ही एलपीजी सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि बाजार में यह भ्रामक अफवाह फैलाई जा रही है कि गैस नहीं मिलेगी या इसके लिए अधिक पैसे देने पड़ेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से ऐसी गलत खबरों से दूर रहने और आवश्यकता होने पर ही गैस की बुकिंग करने की सलाह दी।

यह निरीक्षण जिला पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर किया गया था। इस दौरान राजपुर और धनसोई स्थित इंडेन गैस एजेंसियों की भी जांच की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि गैस की कालाबाजारी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मत्स्य परिवहन वाहन योजना से बंटे ई-रिक्शे

बक्सर|मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में मत्स्य परिवहन वाहन योजना 2025-26 के तहत लाभुकों के बीच ई-रिक्शा का वितरण किया गया। डीएम साहिला ने 7 थ्री व्हीलर ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कहा कि इस योजना से मत्स्य पालकों और मछुआरों को स्वावलंबन का अवसर मिलेगा। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे ई-रिक्शा का सही तरीके से उपयोग करें, ताकि मछलियों का सुरक्षित परिवहन हो सके और ग्राहकों का विश्वास भी बढ़े। अपर समाहर्ता ने बताया कि इस योजना के तहत मत्स्य जल स्रोतों से बाजार तक मछलियों को आइस बॉक्स में सुरक्षित और हाइजेनिक तरीके से पहुंचाने की सुविधा मिलेगी।

बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों पर प्राथमिकी

सिमरी| मझवारी में बिजली चोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से बिजली कंपनी के अधिकारियों ने छापेमारी की। कंपनी की टीम ने अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे पांच लोगों को रंगे हाथों पकड़ा। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि विभाग को लंबे समय से क्षेत्र में बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। इसके आधार पर टीम गठित कर मझवारी में छापेमारी की गयी। इस दौरान पांच लोग अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़े गए।

बिजली कंपनी की टीम ने सभी के कनेक्शन की जांच की और विद्युत चोरी की पुष्टि होने के बाद नियमानुसार उनपर जुर्माना लगाया। विद्युत अधिनियम के तहत सभी आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है उनमें मझवारी के वीरेंद्र यादव, सिद्धनाथ यादव, पशुपति यादव, रामाश्रय यादव, तथा गोपालपुर गांव का अजय कुमार राय है। कनीय अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए कंपनी लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें और वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का इस्तेमाल करें। ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विखंडित करनेवाली हैं भाजपा की नीतियां

मठिला में हुआ माले का पंचायत सम्मेलन, एकजुट होने का आह्वान

भास्कर न्यूज | डुमरांव

मठिला गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) का पंचायत सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह थे। पूर्व विधायक ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां देश को एकजुट करने के बजाय समाज और राजनीति को विखंडित करने वाली हैं। आज देश की राजनीति ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को चुनौती मिल रही है। भाजपा की नीतियों के कारण समाज में विभाजन की स्थिति बन रही है, जो देश के लिए चिंताजनक है।

पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे लंबे समय तक शासन चलाने वाले नेता को भी भाजपा ने राजनीतिक रूप से कमजोर करने और अलग-थलग करने की कोशिश की। यह दिखाता है कि भाजपा सत्ता के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं और आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले समय में भाजपा एक बड़ी राजनीतिक चुनौती के रूप में सामने खड़ी होगी। ऐसी स्थिति में गरीब, मजदूर और वंचित वर्गों को संगठित होकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि लाल झंडे के साथ संगठित संघर्ष ही उन शक्तियों का मुकाबला कर सकता है जो देश की एकता और सामाजिक न्याय के खिलाफ खड़ी हैं। सम्मेलन के दौरान पार्टी के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने, गांव-गांव में जनसंपर्क बढ़ाने और गरीबों तथा किसानों के मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने पर जोर दिया।



संबोधित करते पूर्व विधायक डॉ अजित कुमार सिंह

भास्कर फॉलोअप

25 दिनों से युवकों से परिजन नहीं कर पा रहे संपर्क, भेजा जा रहा वॉइस मैसेज

कंबोडिया में फंसे युवक के परिजन से मांगी 6 लाख रुपए फिरौती

भास्कर न्यूज | डुमरांव

रोजगार के सपने दिखाकर विदेश भेजे गए बक्सर और भोजपुर जिले के चार युवक कंबोडिया में कथित रूप से बंधक बना लिए गए हैं। आरोप है कि वहां उनसे साइबर ठगी से जुड़े अवैध काम कराने का दबाव बनाया गया। जब युवकों ने ऐसा करने से इंकार कर दिया तो उनके पासपोर्ट और अन्य जरूरी कागजात जब्त कर लिए गए। उन्हें एक स्थान पर बंद कर दिया गया है। करीब 25 दिनों से उनके परिवार का युवकों से सीधा संपर्क नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार उन्हें 855967379481 नंबर से फोन कर छह लाख रुपए फिरौती मांगे जा रहे हैं। इसको लेकर वॉइस मैसेज भी किए गए हैं। इस घटना के सामने आने के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। सभी ने सरकार से युवकों की सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई है।



गोबिंद की फाइल फोटो।

बक्सर के कोरानसराय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सुखदेव सिंह के पुत्र गोविंद सिंह 3 जनवरी 2026 को नौकरी के झांसे में कंबोडिया गए थे। उनके साथ कड़सर के कृष्णानंद चौधरी के पुत्र विनोद कुमार चौधरी भी गए हैं। इसके अलावा भोजपुर जिले के तीयर थाना क्षेत्र के मनुडिहरी गांव निवासी हृदयानंद राम के पुत्र मरजीत कुमार तथा अगियांव क्षेत्र के खननी कलां निवासी रविंद्र राम के पुत्र मनीष कुमार 29 जनवरी को कंबोडिया पहुंचे। मनीष और मरजीत जीजा-साले हैं।



गोविंद के बारे में जानकारी देते उसके परिवारवाले।

परिजन के पास 19 फरवरी को आया था फोन

गोविंद के भाई अखिलेश कुमार ने बताया कि 19 फरवरी को 855967379481 नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि गोविंद और उसके साथी वहां के सिमरैप जेल में बंद हैं। पहले दो लाख रुपये देने की मांग की गई थी, लेकिन बाद में रकम बढ़ाकर छह लाख रुपये कर दी गई। इसके बाद से केवल वॉइस मैसेज के जरिए पैसे की मांग की जा रही है।

महाराष्ट्र का रहनेवाला है दलाल, 80 हजार रुपए सैलरी का दिया झांसा

परिजनों का आरोप है कि महाराष्ट्र का रहने वाला संतोष चौपगार उर्फ लक्की नामक दलाल युवकों को विदेश भेजने वाले नेटवर्क का सदस्य है। उसने पहले मनीष को अपने झांसे में लिया और फिर सभी युवकों को कंबोडिया में होटल में फूड पैकिंग की नौकरी दिलाने का लालच दिया। इसके बदले भारतीय मुद्रा के अनुसार 75 से 80 हजार रुपये मासिक वेतन का भरोसा दिलाया गया था। बेहतर नौकरी और कमाई की उम्मीद में चारों युवक कंबोडिया चले गए। कंबोडिया पहुंचने के बाद सच्चाई सामने आई। परिजनों का कहना है कि वहां उन्हें साइबर ठगी से जुड़े काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। जब उन्होंने अवैध काम करने से मना कर दिया तो उनके पासपोर्ट और दस्तावेज छीन लिए गए और उन्हें कथित तौर पर बंधक बना लिया गया।

ब्रह्मपुर में रोज हो रही सिलेंडर की सप्लाई

ब्रह्मपुर| इंद्रावती इंडियन गैस एजेंसी शाहपुर प्रतिदिन गैस वितरण कर रही है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों एलपीजी गैस को लेकर आम लोगों के बीच असमंजस और बेचैनी की स्थिति बनी हुई है। कई जगहों पर चर्चा हो रही है कि घरेलू गैस की कीमत बढ़ गई है। ईरान-इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के बीच ऐसी अफवाह फैलाई जा रही है कि गैस की कमी हो सकती है जो कि बिल्कुल निराधार है। प्रशासन और सरकार बार-बार विज्ञापन के माध्यम से बता रही है कि गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। ब्रह्मपुर क्षेत्र में लगभग 8 से 10 गैस एजेंसी गैस सप्लाई करती है। जबकि आज के समय में केवल इंद्रावती इंडियन गैस प्रतिदिन आधार नंबर से ओटीपी लेकर दे रही है। अन्य एजेंसियों से गैस नहीं मिल रही है। इससे लोगों में सिलेंडर के प्रति असमंजस की स्थिति बढ़ती जा रही है। नए नियम के अनुसार दूसरा सिलेंडर 25 दिन बाद मिलेगा। ब्रह्मपुर में सभी गैस एजेंसियां एलपीजी गैस सप्लाई करने लगे तो यह समस्या खत्म हो जाएगी।

गरीबों को न्याय दिलाने को धरना आज से

एएसपी के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत, अन्याय के खिलाफ उठाई आवाज

भास्कर न्यूज | बक्सर

आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार जिले में पहुंचे अनिल कुमार का पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया।

उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। श्री कुमार ने जिले में वंचितों के साथ हो रहे अन्याय को गंभीर मुद्दा बताते हुए सोमवार से जिला मुख्यालय स्थित आंबेडकर चौक के समीप शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि जिले में गरीब, दलित और वंचित वर्ग के लोगों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। कई मामलों में अंचल कार्यालय से लेकर पुलिस थानों तक उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है। ऐसे हालात में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना जरूरी हो गया है।

प्रशासनिक स्तर पर कई शिकायतें होने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। आजाद समाज पार्टी हमेशा से वंचित और शोषित समाज की आवाज उठाती रही है और आगे भी यह संघर्ष जारी रहेगा। इसी उद्देश्य से सोमवार से अंबेडकर चौक के समीप शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा, जहां विभिन्न मामलों को प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण के मार्गदर्शन में संगठन लगातार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की आवाज उठाता रहा है। मौके पर डॉ. अनिल, सुनील कुमार, समर राम, चन्दन, मनु कुमार, शिवनारायण राम, सुरेश आजाद, हंसराज राम, पप्पू कांत निराला, सुरेश आजाद, जिलाध्यक्ष प्रेमा राज, ममता कुमारी, उर्मिला देवी, बलिराम कुमार, राजीव कुमार मेहरा, अमर नाथ आदि थे।



अनिल कुमार का स्वागत करते कार्यकर्ता

बक्सर और डुमरांव में राजस्व वसूलने का निर्देश

भास्कर न्यूज | डुमरांव

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के निबंधन महानिरीक्षक अंशुल अग्रवाल ने मार्च माह में राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर 5 मार्च से 31 मार्च तक विशेष कार्यकाल के लिए पत्र जारी किया है। जारी निर्देश में सभी निबंधन कार्यालयों को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने को कहा गया है। इसी क्रम में बक्सर जिले के निबंधन कार्यालयों को भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। बक्सर जिले में दो निबंधन कार्यालय कार्यरत हैं, जिनमें एक बक्सर और दूसरा डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में स्थित है। बक्सर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत चार अंचल, एक नगर परिषद तथा दो नगर पंचायत आते हैं। इस क्षेत्र के लिए विभाग की ओर से चालू वित्तीय वर्ष में 63 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मायके से ठुकराए जाने के बाद महिला ने खुद को मारी गोली, खतरे से बाहर है

प्रेम विवाह किया था, आरा के निजी अस्पताल में चल रहा है इलाज

भास्कर न्यूज | ब्रह्मपुर

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कांट गांव में पारिवारिक तनाव से परेशान एक महिला ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। घायल महिला की पहचान आंचल कुमारी के रूप में हुई है, जिसे इलाज के लिए आरा के एक निजी अ

स्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। अपने दिए गए वीडियो बयान के अनुसार आंचल कुमारी मूल रूप से ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ग्रहथा गांव की रहने वाली है।

वर्ष 2021 में उसने कांट गांव निवासी प्रवीण के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों ने घर से भागकर शादी की थी। बताया जाता है कि शादी के बाद से ही आंचल के मायके वालों ने इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किया, जिससे वह मानसिक तनाव में रहती थी।

आंचल का पति प्रवीण ब्रह्मपुर प्रखंड स्थित जेके सीमेंट प्लांट में काम करता है। पति प्रवीण ने अपने दिए गए वीडियो बयान में बताया कि शुक्रवार को जब वह ड्यूटी पर गया हुआ था, उसी दौरान आंचल ने खुद को गोली मार ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पति बोला -पत्नी लंबे समय से अवसाद में थी

पति प्रवीण ने पुलिस को दिए प्रारंभिक बयान में बताया कि उसकी पत्नी लंबे समय से अवसाद में थी। वहीं आंचल ने भी अपने वीडियो बयान में कहा कि वह शुक्रवार को अपने मायके गई थी, लेकिन वहां परिवार वालों ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया और भगा दिया। इससे आहत होकर उसने गांव के ही एक युवक से हथियार मांगा और खुद को गोली मार ली।

घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि महिला को गोली लगने की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है। हथियार किसके पास था और महिला को हथियार कैसे मिला, इस पूरे मामले की पड़ताल की जा रही हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि जांच के बाद ही पुलिस स्पष्ट बिंदुओं पर पहुंच सकती हैं

कई बड़े मामलों में पुलिस को मिली सफलता, एसपी ने कदम की तारीफ की

बेहतर कार्यशैली पर एसडीपीओ सम्मानित

भास्कर न्यूज | डुमरांव

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार को बेहतर पुलिसिंग और प्रभावी कार्यशैली के लिए एसपी शुभम आर्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान जिले में आयोजित क्राइम मीटिंग के दौरान दिया गया। विभिन्न मामलों में त्वरित कार्रवाई और अपराध नियंत्रण को लेकर उनके कार्यों की सराहना की गई। जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में कई आपराधिक मामलों में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में प्रभावी पहल की गयी है। पुलिस की इसी सक्रियता और बेहतर समन्वय को देखते हुए एसपी ने एसडीपीओ पोलस्त कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया।

एसपी ने कहा कि डुमरांव अनुमंडल पुलिस ने अपराध नियंत्रण, अपराधियों की गिरफ्तारी और विभिन्न मामलों के शीघ्र निष्पादन में सराहनीय कार्य किया है। पुलिस टीम की तत्परता और समन्वय के कारण कई मामलों में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जो अन्य पुलिस पदाधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। एसडीपीओ ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं है, बल्कि अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्ष, पुलिस पदाधिकारियों, जवानों और चौकीदारों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। सभी थानों के बीच बेहतर तालमेल और परस्पर सहयोग के कारण ही पुलिस टीम प्रभावी ढंग से काम कर पा रही है।



एसडीपीओ को सम्मानित करते एसपी शुभम आर्य

बड़े मामलों में मिली है सफलता

गौरतलब हो कि अनुमंडल पुलिस को हाल ही में कई बड़े मामलों में सफलता मिली है। मारपीट के चर्चित कांड में एसडीपीओ की गठित विशेष टीम एक तरफ जहां 50,000 रुपए के इनामी धुरन यादव उर्फ जयप्रकाश यादव की गिरफ्तारी कर सुर्खियां बटोरीं। हाल ही में एसडीपीओ के ही नेतृत्व में गठित टीम ने नावानगर थाने में शराब तस्करी में संलिप्त होमगार्ड चालक की पुष्टि होने पर उसपर नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी। एसडीपीओ ने कहा कि आने वाले समय में भी पुलिस इसी तरह सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करती रहेगी। अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता की सुरक्षा को लेकर पुलिस की त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पंजाब नेशनल बैंक ...गरीबों का प्रतीक! | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

सम्पत्ति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9(1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति (ङ) बिक्री सूचना के अनुसार बकाया राशि	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1.	शाखा: डुमरांव (015200) खाता संख्या-0152008700004340 न्यू वेलकम आयरन स्टोर (उधारकर्ता) पता: स्टेशन रोड, डुमरॉव, डाकघर + थाना: डुमरॉव, अंचल - डुमरॉव, जिला: बक्सर, बिहार- 802119 महमूद आलम (मालिक/उधारकर्ता / बंधककर्ता) पिता अब्दुल हलीम अंसारी निवासी - गौशाला रोड, वार्ड संख्या 8, डुमरॉव, पोस्ट + थाना- डुमरॉव, अंचल-डुमरॉव, जिला: बक्सर, बिहार- 802119 मामुआन निशा (गारंटर / बंधककर्ता) पति - युनुस अंसारी निवासी - गौशाला रोड, वार्ड नं. 8, डुमरॉव, पोस्ट+थाना-डुमरॉव,अंचल - डुमरॉव, जिला बक्सर,बिहार- 802119	वह सभी अचल संपत्ति का टुकड़ा एवं पार्सल स्थित: 1. मौजा- डुमरॉव, थाना संख्या 168, खाता संख्या 326, अंचल- डुमरॉव, पोस्ट + थाना - डुमरॉव, जिला: बक्सर, बिहार 1क. खेसरा संख्या 997, 998,999, क्षेत्रफल 4.53125 डेसिमल। चौहद्दी: उत्तर-भारत सोनार, दक्षिण-जगदीश त्रिपाठी एवं अन्य, पूर्व- राम कुमार भर एवं अन्य, पश्चिम - मो. नौशाद सकीना खातून एवं वासमीन। 1 ख. खेसरा संख्या 998, क्षेत्रफलः 1.093 डेसिमल। चौहद्दी : उत्तर - रास्ता, दक्षिण - जगदीश त्रिपाठी, पूर्व - राम कुमार भर, पश्चिम - गोपाल तिवारी एवं अन्य। पंजीकृत बंधक विलेख संख्या 3949 दिनांक 10.06.2020. बंधककर्ता :- महमूद आलम पिता अब्दुल हलीम अंसारी	क) 17.10.2022 ख) रु. 32,38,965.60/- + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क ग) 31.01.2023 घ) प्रतीकात्मक ङ) रु. 28,74,868.24/- 28.02.2026 तक + अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क	क) रु. 22,70,880/- ख) रु. 2,27,088/- ग) रु. 25,000/-	दिनांक 07.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी: 1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अभोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 07.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना शिवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी